प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा ने हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए ऋण प्रदान करने के लिए एमएएचएपीआरईआईटी के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

इरेडा द्वारा आरई परियोजनाओं के लिए एमएएचएपीआरईआईटी को तकनीकी-वित्तीय परामर्श प्रदान किया जाएगा

मुंबई, 21 अगस्त, 2022

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा), नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय (एमएनआरई) के अधीन एक सार्वजनिक क्षेत्र का प्रतिष्ठान है, ने आज महात्मा फुले रेन्यूबल एनर्जी एण्ड इन्फ्रास्ट्रचर टेक्नोलॉजी लि. (एमएएचएपीआरईआईटी), जो कि एमपीबीसीडीसी की एक पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, के बीच एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए (भारत सरकार के स्वामित्व में 49% और महाराष्ट्र सरकार के स्वामित्व में 51%)। समझौता ज्ञापन के अनुसार, इरेडा द्वारा स्टेट यूटिलिटीज़ राज्य, स्थानीय निकायों और नवीकरणीय ऊर्जा पार्कों के बुनियादी ढांचे के कार्यान्वयन के लिए अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं के लिए एमएएचएपीआरईआईटी को वित्तीय सुविधा प्रदान की जाएगी ।

यह समझौता ज्ञापन, इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी), श्री प्रदीप कुमार दास और एमएएचएपीआरईआईटी के सीएमडी, श्री बिपिन श्रीमाली द्वारा हस्ताक्षर किए गए। इस

सहयोग के तहत, इरेडा द्वारा एमएएचएपीआरईआईटी के लिए अक्षय ऊर्जा और ऊर्जा दक्षता और संरक्षण परियोजनाओं की तकनीकी-वित्तीय ड्यू डिलिजेंट का कार्य भी किया जाएगा ।

इस अवसर पर बोलते हुए, इरेडा के सीएमडी ने कहा कि "हम एमएएचएपीआरईआईटी के साथ पार्टनर बनकर प्रसन्न हैं और महाराष्ट्र के सतत् विकास के लिए एमएएचएपीआरईआईटी को अपनी तकनीकी-वित्तीय विशेषज्ञता प्रदान करेंगे । इस तरह के सहयोग के माध्यम से, हम वर्ष 2030 तक गैर-जीवाश्म ईंधन से ऊर्जा के 50% शेयर के भारत सरकार के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सपोर्ट करने में सक्षम होंगे। साथ ही, ये पहल हरित निवेश को प्रोत्साहित कर सकती हैं और इस क्षेत्र में हजारों रोजगार पैदा कर सकती हैं।"

आरई क्षेत्र में बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, इरेडा ने दो साल पहले एक विशेष व्यवसाय विकास और परामर्श डिविजन की स्थापना की । देश के सतत् विकास के लिए परामर्श सेवाएं प्रदान करने के लिए पिछले दो वर्षों में इरेडा द्वारा हस्ताक्षरित यह नौवां समझौता ज्ञापन है। एसजेवीएन, एनएचपीसी, टैंजेडको, नीपको, बीवीएफसीएल, टीएचडीसीआईएल, जीएसएल और सिपेट ने हरित ऊर्जा परियोजनाओं के लिए अपनी तकनीकी-वित्तीय विशेषज्ञता बढ़ाने के लिए इरेडा के साथ समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं और इरेडा ने अधिकांश समझौता ज्ञापनों पर पहले ही काम करना शुरू कर दिया है।